नई दिल्ली
रविवार, 17 दिसंबर, 2023
मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष, पंचमी वर्ष : 27, अंक : 252
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


मौसम
अधि. 23
न्यून. 08

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com







## सांसद हनुमान बेनीवाल ने छोड़ी लोकसभा की सदस्यता



**नई दिल्ली।** राजस्थान के नागौर से सांसद हनुमान बेनीवाल ने सांसद पद से इस्तीफा दे दिया है। आरएलपी सांसद बेनीवाल लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिले और अपना इस्तीफा सौंपा। बता दें बेनीवाल ने नागौर से सांसद का चुनाव जीते थे।

लेकिन विधानसभा चुनाव 2023 में खींवसर विधानसभा से चुनाव जीतने के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को इस्तीफा सौंप दिया। साल 2008 में वे भाजपा के टिकट पर खींवसर से पहली बार विधायक चुने गए, लेकिन बाद में उन्होंने भाजपा छोड़ दी और आरएलपी नाम से अलग पार्टी बना ली। विधानसभा चुनाव में इस पार्टी को हार का सामना करना पड़ा। पार्टी के तीन विधायक हार गए। जबकि बेनीवाल खुद ही चुनाव जीत पाए हैं।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा में पीएम मोदी बोले

# अब देश के टीयर टू और टीयर थ्री शहरों के 'विकास पर बल'

पीएम ने 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के लाभार्थियों से वर्चुअल माध्यम से संवाद किया

मोदी की गारंटी वाली गाड़ी देश के कोने-कोने में पहुंच रही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को सरकार की योजनाओं से संबंधित 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के लाभार्थियों से वर्चुअल माध्यम से संवाद किया। इस कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी समेत कई केंद्रीय मंत्री मौजूद रहे। एक महीने में चौथी बार यह देखने को मिला, जब प्रधानमंत्री मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लाभार्थियों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी हर कोने में पहुंच रही है। पीएम मोदी ने इस अवसर पर विकसित भारत के संकल्प में देश के शहरों की बड़ी भूमिका का जिक्र किया।

पीएम ने कहा कि आजादी के लंबे समय तक जो भी विकास हुआ, उसका दायरा देश के कुछ बड़े शहरों तक सीमित रहा, लेकिन आज हम देश के टीयर टू और टीयर थ्री शहरों के विकास पर बल दे रहे हैं। देश के सैंकड़ों छोटे शहर ही विकसित भारत की भव्य इमारत को सशक्त करने वाले हैं। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा को हरी झंडी भले ही मोदी ने दिखाई है लेकिन सच्चाई ये है कि आज देशवासियों ने उस यात्रा की कमान संभाल ली है। पीएम मोदी ने कहा कि एक जगह जहां पर यात्रा खत्म होती है वहां से दूसरे गांव या शहर के लोग इस यात्रा की अगुवाई करने लग जाते हैं। विकसित भारत के संकल्प के साथ मोदी की गारंटी वाली गाड़ी देश के कोने-कोने में पहुंच रही है। इस यात्रा को शुरू हुए एक महीना पूरा हो चुका है। इस एक महीने में ये यात्रा हजारों गांवों के साथ-साथ डेढ़ हजार शहरों में भी पहुंच चुकी है. इनमें से अधिकतर शहर छोटे शहर हैं।




### राज्यस्तरीय कार्यक्रम में शामिल सीएम यादव ने कहा

## पीएम मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करेगी यह यात्रा



**उज्जैन।** मध्यप्रदेश के उज्जैन में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सीएम डॉ. मोहन यादव विशेष रूप से उपस्थित थे। सीएम डॉ. यादव ने कहा कि यह यात्रा पीएम के विकसित भारत के सपने को साकार करेगी। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने कई क्षेत्रों में विश्व में उत्कृष्ट छवि निर्मित की है। जनकल्याण और विकास के क्षेत्र में देश व प्रदेश में और बेहतर कार्य हो तथा प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति को शासकीय योजनाओं और कार्यक्रम का लाभ मिल सके, इस उद्देश्य से पीएम मोदी की परिकल्पना के अनुरूप विकसित भारत संकल्प यात्रा आरंभ की जा रही है। यात्रा के माध्यम से जनकल्याण की योजनाओं और कार्यक्रमों का अधिक प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। यह प्रयास होगा कि इन योजनाओं और कार्यक्रमों के लाभ से कोई भी वर्ग वंचित न रहे।



उन्होंने ने कहा कि अमृत मिशन हो या स्मार्ट सिटी मिशन, इनके तहत छोटे शहरों में मूल सुविधाओं को बेहतर बनाया जा रहा है। गरीब हो, न्यू मिडिल क्लास हो, मिडिल क्लास हो या संपन्न परिवार हो, हर किसी को बढ़ती हुई सुविधाओं का लाभ मिल रहा है।

### ये भी कहा पीएम ने

- अटल पेंशन योजना से अबतक देश के 6 करोड़ साथी जुड़ चुके हैं। इसके तहत 60 वर्ष की आयु के बाद हर महीने 5 हजार रुपए महीने पेंशन सुनिश्चित हो रही है।
- आयुष्मान कार्ड के कारण गरीबों का 1 लाख करोड़ रुपए बचा है।
- जन औषधि केंद्रों पर दवाई में 80 फीसदी की छूट है। अगर जनऔषधि केंद्र न होता तो लोगों को 25 हजार करोड़ ज्यादा खर्च करना पड़ता। सरकार अब जन औषधि केंद्र की संख्या बढ़ाकर 25 हजार करने जा रही है।
- पिछले 9 साल में केंद्र सरकार 4 करोड़ से ज्यादा घर बना चुकी है, जिसमें से 1 करोड़ से अधिक घर शहरी गरीबों को मिले हैं।

### सांसदों को स्पीकर बिरला का पत्र

## लोकसभा की सुरक्षा में सेंध मामले की जांच उच्चस्तरीय समिति करेगी

◆ ऐसे उपाए करेंगे भविष्य में ऐसी घटनाएं दोहराई न जा सकें



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में घुसे दो लोगों का मामला संसद की सुरक्षा में सेंधमारी के नजरिए से बेहद गंभीर है। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने सांसदों को पत्र लिखकर कहा है कि पूरे मामले की जांच के लिए उच्चस्तरीय समिति का गठन किया गया है।

हंगामे के कारण बाधित हुई दोनों सदनों की कार्यवाही को लेकर लोकसभा स्पीकर ने चिंता जताई। उन्होंने सांसदों से कहा कि सदन को सुचारू रूप से चलाने में सहयोग करना अपेक्षित है।

ओम बिरला ने कहा कि संसदीय परिसर की सुरक्षा के लिए उन्होंने खुद एक उच्चाधिकार समिति का गठन किया है। बिरला ने कहा कि यह समिति पूरे संसद कॉम्प्लेक्स की सुरक्षा से जुड़े अलग-अलग पहलुओं की समीक्षा करेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि समिति ऐसे ठोस उपाय और योजना तैयार करेगी जिससे भविष्य में ऐसी घटनाएं दोहराई न जा सकें।

### संसद में खुद को आग लगाना चाहते थे आरोपी

संसद में घुसपैठ करने वाले आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने संसद में खुद को आग लगाने की भी योजना बनाई थी। साथ ही संसद में पर्चे फेंकने पर भी विचार किया था। हालांकि काफी विचार के बाद उन्होंने इन दोनों विकल्पों को छोड़ दिया और आखिरकार संसद में घुसकर स्मोक कैनिस्टर से रंगीन धुंआ छोड़ने पर सहमत हुए।

### सीन रिक्रिएट के लिए आरोपियों को ले जाएगी पुलिस

शुक्रवार को पुलिस आरोपियों को उन जगहों पर लेकर गई, जहां आरोपियों ने मिलकर संसद में घुसपैठ की साजिश रची थी। पुलिस संसद से भी इजाजत लेकर जल्द ही आरोपियों को संसद भवन ले जाकर सीन रिक्रिएट करा सकती है। पुलिस ने मामले में हिरासत में लिए गए महेश कुमवात को भी क्लीन चिट नहीं दी है। महेश पर आरोप है कि उसने मास्टरमाइंड ललित झा को भागने में मदद की थी।

### कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने दिया मप्र में 'नए नेतृत्व' को मौका

## कमलनाथ की छुट्टी, जीतू पटवारी होंगे पीसीसी के 'नाथ'... उमंग नेता प्रतिपक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



कांग्रेस हाईकमान ने अंततः प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ को पीसीसी के अध्यक्ष पद से हटा दिया। उनकी जगह पूर्व मंत्री जीतू पटवारी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का दायित्व संभालेंगे। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की जवाबदारी युवा आदिवासी विधायक उमंग सिंघार को सौंपी गई है। उप नेता प्रतिपक्ष युवा विधायक हेमंत कटारे को बनाया गया है। जीतू और उमंग दोनों राहुल गांधी कैंप के माने जाते हैं। नए नेतृत्व को मौका देने के मामले में कांग्रेस हाईकमान भी भाजपा की राह पर नजर आया।




## महंत होंगे छत्तीसगढ़ विधायक दल के नेता

भूपेश का न 'शह' काम आया, न दे पाए 'मात'



**हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली।** सीएम पद से उतरते ही भूपेश बघेल की दिल्ली में पकड़ ढीली हो रही है। उनकी तमाम कोशिशों के बाद भी वे पहले कुछ नेताओं को पार्टी से बाहर करने के आदेश पर रोक नहीं लगा पाए अब चरण दास महंत को छत्तीसगढ़ विधानसभा में विपक्ष का नेता बनाये जाने की घोषणा संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल के हस्ताक्षर से शनिवार को हो गई।

भूपेश बघेल को विधायक दल का नेता नहीं बनाया गया, न ही उनकी पसंद को नेतृत्व ने कोई तवज्जो दी। भूपेश बघेल ने पूर्व मंत्री युवा नेता, विधायक उमेश पटेल का नाम विधायक दल के नेता के लिए आगे बढ़ाया था। वे इस उम्मीद में थे कि उनके नाम पर सहमति नहीं बनी तो चरण दास महंत को 'शह और मात' देने के लिए उमेश पटेल के नाम की बाजीगरी काम आयेगी, मगर उनकी एक न चली।

पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, चरण दास महंत ने न केवल अपनी सीट पर शानदार विजय हासिल की बल्कि समूचे कोरबा संसदीय सीट पर कांग्रेस पार्टी को विजय दिलाई। उनके विशाल अनुभव का फ़ायदा पार्टी को मिलेगा इसलिए उनके नाम पर सहमति बनी। चरण दास महंत कोरबा से सांसद रहे तो केंद्र में मंत्री रहे।



# दिल्ली से चुराये और झपटे मोबाइल नेपाल में लगाये जा रहे ठिकाने, एक दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान की आड़ में धंधे को अंजाम दे रहा था, 124 फोन और 19 लाख कैश बरामद

दिल्ली से चुराये और छीने गए मोबाइल नेपाल भेजने वाले रैकेट का क्राइम ब्रांच ने पर्दाफाश किया है। इस सिलसिले में अभी एक शख्स को गिरफ्तार किया है। 124 फोन और 19 लाख रुपए भी बरामद हुये हैं। इस गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने 72 मामले सुलझाने का दावा किया है। आरोपी शख्स का नाम देव नगर, करोल बाग निवासी अली हुसैन (37) है। स्पेशल सीपी रविन्द्र यादव के अनुसार चोरी और छीने गए मोबाइल फोन की ब्रिकी व खरीद के धंधे में लिप्त रैकेट पर टैक्नीकल सर्विलांस के जरिए नजर रखी जा रही थी। इसी दौरान पता चला कि एक शख्स उत्तराखंड में भारत-नेपाल सीमा से अपनी कार में चोरी के मोबाइल फोन नेपाल ले जाता है। वह करोल बाग से चोरी के मोबाइल फोन इकट्ठा करता है। अली हुसैन करोलबाग में मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान की आड़ में इस धंधे को अंजाम दे रहा था।



## प्रति फोन 1500 से 2500 का लाभ कमा रहा था

वह दिल्ली से नेपाल जाने वाली बसों के ड्राइवरों और हेल्परों के माध्यम से मोबाइल फोन नेपाल पहुंचाता था। करोल बाग से अली को जिस समय पकड़ा तो उसके पास से चोरी के आठ मोबाइल फोन बरामद हुये। बाद में इसके किराए के घर से 116 फोन और 19 लाख रुपए कैश जब्त किया गया। पूछताछ में आरोपी अली हुसैन ने खुलासा किया कि उसका भाई इरफान चोरी के मोबाइल फोन की खरीद बिक्री में शामिल था। भाई की मृत्यु के बाद वह भी इस धंधे का हिस्सा बन गया।

### रिसीवरों को महंगे दामों पर बेच रहा था फोन

पिछले तीन सालों से वह एनसीआर से चोरी किए गए मोबाइल फोन आगे नेपाल में मौजूद रिसीवरों को महंगे दामों पर बेच रहा था। मोबाइल फोन खरीदने के बाद वह फोन कवर और स्क्रीन गार्ड आदि बदलकर फोन को नया बना देता था। ताकि चोरी के मोबाइल फोन नेपाल में ग्राहकों को नए लगे और उसे ज्यादा से ज्यादा मूल्य मिल सके। वह 40 मोबाइल फोन का एक बंडल तैयार कर उसे डिब्बों में पैक कर नेपाल जाने वाली पर्यटक बसों के ड्राइवरों व हेल्परों को बैग में मौजूद सामान के बारे में बिना जानकारी दिए देता था। मोबाइल फोन की स्थिति के हिसाब से वह प्रति फोन 1500-2500 का लाभ कमा रहा था। अब तक आरोपी चार हजार से अधिक मोबाइल फोन बेच चुका है। पैसा हवाला के जरिये अली तक पहुंचता था।

## खबर संक्षेप



### डीसीडब्ल्यू अध्यक्ष मालीवाल ने बस स्टॉप का किया निरीक्षण

**नई दिल्ली।** दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने सदस्य वंदना सिंह के साथ शुक्रवार शाम को पूर्वी दिल्ली में महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा चिंताओं का आकलन करने के लिए कुछ बस स्टॉप का निरीक्षण किया। शाम करीब पौने सात बजे रमेश पार्क बस स्टॉप के दौरे के दौरान आयोग की अध्यक्ष यह देखकर हैरान रह गयी कि बस स्टॉप पर कोई रोशनी नहीं थी। इसके अलावा, सड़क के उस हिस्से पर स्ट्रीट लाइटें भी काम नहीं कर रही थीं। बस स्टॉप का पिछला हिस्सा भी सुनसान इलाका था। पूरा बस स्टॉप अंधेरे में डूबा हुआ था और वहां से बसों में चढ़ने या उतरने वाली महिलाओं और लड़कियों के लिए असुरक्षित था। इसके अलावा, आयोग की अध्यक्ष ने रमेश पार्क बस स्टॉप से ललिता पार्क तक पुश्ता रोड का निरीक्षण किया। सड़क पर बिल्कुल अंधेरा था क्योंकि कोई भी स्ट्रीट लाइट काम नहीं कर रही थी। यह देखा गया कि कई खंभों पर स्ट्रीट लाइट भी नहीं थी, जिससे सड़क पर अंधेरा था और जगह असुरक्षित थी।

### मंत्री आतिशी को दिल्ली की महिलाओं को जवाब देना चाहिए : भाजपा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की लोक निर्माण विभाग मंत्री आतिशी को दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल द्वारा दिल्ली के डार्क स्पॉट्स को उजागर करने के बाद दिल्ली की महिलाओं को जवाब देना चाहिए। दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने स्वाति मालीवाल के निरीक्षण के बाद शनिवार को मंत्री आतिशी को घेरते हुए उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा है कि दिल्लीवासी आज एक बार आयोग की अध्यक्ष मालीवाल को दिल्लीवासियों के लिए अच्छी स्ट्रीट लाइट कवर प्रदान करने वाले मंत्री आतिशी के दावों के खोखलेपन को उजागर करने के लिए धन्यवाद देना चाहते हैं। बता दें कि पूर्वी दिल्ली के ललिता पार्क में निरीक्षण के बाद स्वाति मालीवाल ने पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता को पत्र लिखकर बस स्टॉप आदि पर खराब स्ट्रीट लाइट पर जवाब मांगा है।

## मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

# त्रिलोकपुरी: छोटे भाई के सामने युवक की चाकू से गोदकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली


त्रिलोकपुरी इलाके में एक युवक की उसके छोटे भाई के सामने ही चाकू से हमला कर हत्या कर दी गई। इस वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गए थे, लेकिन कुछ ही घंटों के भीतर उन्हें पकड़ लिया गया। पुलिस दो आरोपियों को पकड़ उनसे पूछताछ कर रही है। इनके नाम अमन और बाबू बताये गये हैं। शुरुआती तौर पर वारदात के पीछे आपसी रंजिश बताई जा रही है।

पुलिस के मुताबिक गली नंबर 15, त्रिलोकपुरी में तुषार परिवार के साथ रहता था। शुक्रवार रात वह घर पर ही मौजूद था। किसी ने उसे आवाज देकर बाहर बुलाया। इसके बाद झगड़ा शुरू हो गया। शोर शराबा सुनकर तुषार का नाबालिग भाई समीर उसे बचाने पहुंचा तो आरोपियों ने उसे भी डराया धमकाया। तुषार की दोनों जांघों पर चाकू से हमला कर आरोपी भाग गए। इसके बाद छोटे भाई ने पीसीआर कॉल कर इस वारदात की सूचना पुलिस को दी। घायल को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल ले जाया गया। पुलिस को समीर ने बताया कि वह वारदात के समय मौके पर ही था। अमन और बाबू नाम के दो लड़कों ने उसके भाई पर चाकू से हमला किया था। तुषार की हालत नाजुक होने पर उसे सफदरजंग अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने मामले में शुरु में हत्या की कोशिश का मुकदमा दर्ज किया, लेकिन इलाज के दौरान घायल ने दम तोड़ दिया, जिससे केस में हत्या की धारा को शामिल किया गया। पुलिस का दावा है कि दोनों आरोपियों को पकड़ लिया है। शुरुआती तफ्तीश में पता चला है कि तुषार पर भी कोई केस दर्ज था। वह तीन दिन पहले ही जमानत पर बाहर आया था। वहीं परिजनों का कहना है कि चार महीने पहले भी तुषार को अगवा करने का प्रयास किया गया था, लेकिन तब बदमाश अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो सके थे।



## गाली का बदला गोली मारकर लिया, दो धरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



उत्तम नगर इलाके में तीन दिन पहले गोली मारकर हुई एक युवक की हत्या के मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है। दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से देशी कट्टा जब्त किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम सुनील पासवान उर्फ छेदी और अमन उर्फ तात्या बताये गये हैं। दोनों कृष्णा कॉलोनी और हस्तसाल के रहने वाले हैं। सुनील पहले भी तीन मामलों में शामिल रहा है। डीसीपी एम हर्षवर्धन के अनुसार 13 दिसंबर को हत्या की यह वारदात अंजाम दी गई थी। मृतक युवक का नाम राज था। उसके दोस्त ने पुलिस को बताया कि दो लड़के गोली मारकर फरार हो गए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और टेक्निकल सर्विलांस की मदद से आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाई और उन्हें बदरपुर बॉर्डर से दबोच लिया। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि राज और उसके दोस्तों ने उन्हें गाली दी थी। सबक सिखाने के लिए इस वारदात को अंजाम दिया गया।

# एचटी लाइन मुआवजे की मांग को लेकर सचदेवा व बिधूड़ी से मिले किसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- जल्द ही एलजी और सीएम के समक्ष रखेंगे किसानों की समस्या : सचदेवा
- विधानसभा में उठाऊंगा किसानों का मुद्दा : बिधूड़ी
- औचंदी गांव में धरने पर बैठे किसानों ने कहा कृषि भूमि और ग्राम सभा जमीन पर हमारी सहमति बिना कोई योजना लागू न करे प्रशासन

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा तथा दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने औचंदी गांव में चल रहे किसान आंदोलन की मांगों पर सहमति जतायी है। उन्होंने किसानों को आश्वासन दिया है कि जल्द ही उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री के समक्ष एचटी लाइन के मुआवजे के मामले को रखेंगे और समाधान कराने का प्रयास करेंगे।

नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने सभी को आश्वासन देते हुए कहा कि सोमवार को दिल्ली विधानसभा में एचटी मुद्दे को उठाएंगे और इस पर चर्चा करने की मांग करेंगे। किसान अधिकार मोर्चा के संयोजक सतेंद्र लोहचब औचंदी के नेतृत्व में किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल ने एचटी लाइन और ग्राम सभा के मुद्दे को लेकर शनिवार को प्रदेश कार्यालय में पूर्व विधायक वेदप्रकाश के साथ दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा और नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी से मुलाकात की। निर्माणाधीन एचटी लाइन के मुआवजे और ग्राम सभा भूमि पर ग्रामीणों की सहमति से गांव के उत्थान और संपूर्ण विकास के लिए काम हो और वहां की जमीनों का प्रयोग ग्रामीणों की सहमति से हो, इस मांग को लेकर दिल्ली किसान अधिकार मोर्चा ने भाजपा नेताओं से मुलाकात की।

# मेट्रो ट्रेन से घिसटने वाली महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- मामले पर मेट्रो रेलवे सुरक्षा आयुक्त करेंगे जांच

इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन पर 14 दिसंबर 2023 को एक ट्रेन के दरवाजे में कपड़े फंसने के बाद घिसटकर घायल हुई महिला की अस्पताल में इलाज के दौरान हुई मौत पर संज्ञान लेते हुए मेट्रो रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीएमआरएस) इसकी जांच करेंगे।

डीएमआरसी का कहना है कि इंद्रलोक स्टेशन पर गत 14 दिसंबर 2023 को इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन पर घटी घटना जहां प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होती है कि एक महिला यात्री के कपड़े ट्रेन में उलझ गए। जिससे वह घायल हो गई और अस्पताल में उपचाराधीन उस घायल महिला यात्री की शनिवार को मौत हो गई। डीएमआरसी ने बताया कि इस दुखद घटना को लेकर सीएमआरएस जांच करेंगे। बता दें कि गुरुवार को रेड लाइन अंतर्गत इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन पर दोपहर 1 बजकर 4 मिनट पर एक घटना हुई जिसमें एक महिला यात्री की साड़ी अथवा जैकेट आदि दरवाजे में फंसने के बाद वह मेट्रो के साथ ही घिसटती चली गई। इस घटना में उक्त महिला बुरी तरह घायल हो गई थी, जिसे मेट्रो स्टाफ ने अन्य यात्रियों की मदद से अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में इलाज के दौरान शनिवार को इलाज के दौरान घायल महिला की मौत हो गई। वैसे मेट्रो के अंदर ऐसी घटनाओं से बचने के लिए डीएमआरसी की तरफ से रह रहकर उद्घोषणा की जाती है कि यात्री दरवाजे से हटकर खड़े हो और अपने कपड़ों का पूरा ख्याल रखे। वहीं डीएमआरसी के एक अधिकारी ने बताया कि मेट्रो के दरवाजे में अगर गलती से 15 एमएम यानी एक पेन भी फंस जाए तो दरवाजे बंद नहीं होते। अगर दरवाजा बंद नहीं हुआ तो मेट्रो आगे नहीं चल सकती। लेकिन इस घटना ने डीएमआरसी को एक बार फिर सुरक्षा को लेकर गंभीरता दिखाने पर मजबूर किया है।

### सेक्सटॉर्शन रैकेट में फंस गंवाए सवा दो लाख रुपए

**नई दिल्ली।** दक्षिण जिले के ग्रेटर कैलाश में मंदिर के पुजारी को सेक्सटॉर्शन रैकेट में फंसाकर जालसाजों ने सवा दो लाख का चूना लगा दिया। पहले उनके पास अश्लील वीडियो कॉल की गई थी। इसके बाद ब्लैकमेल कर रकम उगाही गई। मामले की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली सूचना के अनुसार पीड़ित संगम विहार जी ब्लॉक में रहते हैं। वह ग्रेटर कैलाश स्थित एक मंदिर में पुजारी है। शुक्रवार शाम करीब चार बजे तबीयत ठीक नहीं होने की वजह से वह अपने कक्ष में आराम कर रहे थे। तभी उनके पास एक व्हाट्सएप वीडियो कॉल आया। उन्होंने कॉल उठाया तो दूसरी तरफ एक महिला नग्न अवस्था में थी। यह देख उन्होंने फोन काट दिया। इसके बाद उनके पास दो बार कॉल आया लेकिन उन्होंने फोन पिक नहीं किया। बाद में एक शख्स ने कॉल कर कहा कि वह द्वारका थाने से है। एक महिला ने उनके खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज करायी है। आपका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने वाला है। अगर इसे डिलीट करवा चाहते हो तो दिए गए अकाउंट नंबर में पैसा भेज दो। वरना पुलिस कार्रवाई के लिए तैयार रहे। यह सुनते ही पुजारी परेशान हो गए।

# साइबर ठगों का हाई-टेक गिरोह पहुंचा सलाखों के पीछे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर करते थे ठगी, सात गिरफ्तार

दक्षिण जिले के साइबर पुलिस थाने की टीम ने ठगी में शामिल एक हाईटेक गिरोह के सात लोगों को गिरफ्तार किया है। ये लोग क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झासा देकर ठगी करते थे। इनसे अपराध में प्रयुक्त 218 सिमकार्ड, 20 मोबाइल फोन और सात एटीएम कार्ड बरामद हुये हैं।

डीसीपी चंदन चौधरी ने बताया कि शिकायतकर्ता को एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया था, जिसने एक प्रतिष्ठित बैंक के ग्राहक सेवा कार्यकारी के रूप में अपना परिचय दिया था। उनके क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के बहाने कार्ड का विवरण मांगा। इसके बाद उनसे 74,757 रुपये ठग लिये गये थे। आठ दिसंबर को केस दर्ज किया था। सर्विलांस से पता चला कि आरोपी दिल्ली/एनसीआर में लगातार अपना ठिकाना बदल रहे थे। टीम ने मैन्युअल इंटेलिजेंस की मदद से सबसे पहले एक आरोपी को रामफल चौक, सेक्टर सात, द्वारका से उस समय पकड़ा जब वह फर्जी बैंक खातों और सिम कार्ड की डिलीवरी ले रहा था। उसने वहां एक कॉल सेंटर का खुलासा किया। इसके बाद छह और आरोपियों को दबोच लिया गया। इनकी पहचान नितिन कुमार, अखिल तंवर, शिवम सूर्यान, कपिल गुप्ता, सुरेश, सुमित शर्मा और सनी कुमार बताये गये हैं।




### बिधूड़ी से मिले पूर्व मार्शल

**नई दिल्ली।** गत करीब दो महीने से अपनी मांगों को लेकर दिल्ली सचिवालय के बाहर धरना प्रदर्शन कर रहे पूर्व बस मार्शलों ने शनिवार को दिल्ली विधान में नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी से मिले। मुलाकात को लेकर मार्शलों ने बताया कि नेता विपक्ष बिधूड़ी ने हमारी बातों को बड़े ध्यान से सुना और भरोसा दिया है कि सदन में आवाज उठाएगें।


**IndusInd Bank**

Office address: 43, Bhageria House, New Friends Colony, New Delhi - 25

**HYPOTHECATED REPOSSESSED VEHICLE AUCTION/SALE NOTICE TO GENERAL PUBLIC**

IndusInd Bank Ltd. is inviting Quotations in sealed Envelope from General Public for the auction of below vehicles as per below mentioned Soecification on **"AS IS WHERE IS BASIS"** Vehicle's Model & Reaistration No. Given Below

| DEAL NO | CUSTOMER NAME | REGISTRATION NO | ENGINE NO | CHASSIS NO | MODEL | YEAR OF MFG |
|---|---|---|---|---|---|---|
| DAA02312G | TIKAM SINGH | UP80GT2677 | G12BN1111993 | MA3EZLF1T00244177 | MARUTI SUPER CARRY CNG BS VI | 2022 |
| DAM05199G | PAWAN KUMAR | UP86AT0146 | S0H9103153 | MBX0006EBYH039594 | APE XTRA LDX +PU DIESEL BS6 | 2022 |
| DAS00871G | SUNIL KUMAR | DL1LAJ6138 | 275CNG17PXXSH3492 | MAT556002NVP72675 | TATA ACE | 2023 |
| DAS00877G | RAKESH | DL1LAJ6153 | 275CNG17AWXS08122 | MAT556002PVA04721 | TATA ACE | 2023 |
| DAS00936G | VINOD | DL1LAJ9725 | 275CNG17BWXS19906 | MAT556002PVB09008 | TATA ACE | 2023 |
| DNG02481G | VIPIN | DL1LAG3442 | 275CNG17PYXSD4356 | MAT556002MVP66531 | TATA ACE GOLD CNG BS VI | 2022 |
| DNG02506G | VINAY | DL1LAG6434 | 275CNG17CXXS31227 | MAT556002NVC13587 | TATA ACE GOLD CNG BS VI | 2022 |
| DNG02702G | PANKAJ KUMAR | DL1LAJ3696 | 275CNG17NXXSG3381 | MAT556002NVN67911 | TATA ACE GOLD CNG BS VI | 2023 |
| DNG02259G | SHYAM KANT | DL1LAF4752 | 275CNG17HYXS68341 | MAT556002MVH37816 | TATA ACE GOLD CNG BS VI | 2021 |
| DNG02653G | SINGH FRUITS | DL1LAH9848 | 275CNG17JXXSC4129 | MAT556004NVJ51950 | TATA ACE GOLD CNG+ BSVI | 2022 |
| DDB02570G | CHIDRA PAL | HR38AA2871 | AZYWKF79116 | MD2B17AY4KWF10917 | BAJAJ MAXIMA Z CNG | 2019 |
| DDB03469G | AKASH | HR38AE8273 | AZXWPK59093 | MD2B47AX8PWK24622 | BAJAJ RE CNG 4S FI BS VI | 2023 |
| DDB02496G | DEENU | HR38AA3543 | AZYWKD93109 | MD2A27AY8KWD77202 | BAJAJ RE COMPACT CNG | 2019 |
| DDA01606G | SOHAB AKIL | UP14LT9858 | 275CNG17PXXSH7219 | MAT556002PVA00291 | TATA ACE GOLD CNG BS VI | 2023 |
| DMM03612G | SHAN MOHD | UP15GT1473 | TEBM26892 | M33TUP22J026882 | THUKRAL 3W E-RICKSHAW | 2023 |
| DAB00667G | NIRAJ NHE | UP13CT3180 | 275CNG17HXXSA9804 | MAT556002NVH46017 | TATA ACE GOLD CNG+ BSVI | 2022 |
| DDS00621G | AAMIR JARAR | UP11CT2583 | UGN3J02397 | MA1KP2UGEN3J67127 | MAHINDRA JEETO PLUS 16 BS VI | 2022 |
| DUZ01159G | SAMEER | UP12BT8387 | 800CCDI04FXXS85791 | MAT559007NYF29465 | TATA ACE HT PLUS BSVI | 2022 |
| ULY04623G | SHAKEEL AHAMAD | UP25FT1611 | XUN6D19192 | MA1FN2XURN6D59691 | MAHINDRA SUPRO PROFITTRUCK MINI LX BS 6 | 2023 |
| UYN00441G | GAJENDRA SINGH | UP24AT3794 | XUM6H21020 | MA1FN2XURM6H60160 | MAHINDRA SUPRO PROFITTRUCK MAXI CBC VX BS 6 | 2022 |
| DDM03260D | YASHPAL SINGH | UP70KT9579 | B5.6B6A180D02122E 63907252 | MAT775010N1E16578 | TATA LPT 3118 TC/52 TANKAR | 2022 |
| DSG00642D | KRISHAN TRANSPORT | HR55AM1119 | NEPZ125500 | MB1A3HCDXNAEM7604 | ASHOK LEYLAND 1615 HE 5200 MM WB CHA | 2022 |
| DNE01472C | LALIT KUMAR | HR51CH7211 | G12BN1096822 | MA3ERLF1S00A43363 | MARUTI EECO 5 STR AC (O) CNG BS VI | 2022 |
| DNE00710C | AMAR JEET | HR893305 | F8DN6266660 | MA3FUA61S00F15242 | MARUTI ALTO K10B LXI 998CC BSIV METALLIC | 2019 |
| DAS03799L | SHRI BANKE BIHARI TRADERS | DL1LAJ1080 | UKN1F25631 | MA1ZN2UKKN1F61289 | BOLERO PIK-UP CNG PS BS VI | 2022 |
| DDZ02851L | CHAMAN | DL1LAJ3138 | UKN1D23915 | MA1ZP2UKKN1D46019 | BMT PLUS CNG PS BS VI | 2023 |
| DDZ02908L | SURAJ | DL1LAB7437 | EAJ1K18159 | MA1ZN2EAKJ1K83295 | BOLERO CAMPER GOLD LS | 2023 |
| DGP01578L | SUMAN | HR55AN3885 | NDHZ426209 | MB1AZGCDXNRDB4119 | AL 1815 HE 4750MM 22FT DAY CABIN HSB BS6 | 2022 |
| DNE01701L | MUKESH | UNREGD | SLTNG6CN275607 | MBUWEL4HCN0283617 | SML SARTAJ HG 72 14FT BS VI | 2022 |
| DSG00183L | MUSTKIM MOHAMAAD | DL01VC3871 | 38SGI72CRY810236 | MAT551101J0D04986 | TATA LP 407/34 BUS CHASSIS 28+2 STR BSIV | 2019 |

The Person who are willing to purchase above Mentioned vehicles may contact IndusInd bank Ltd. to above mention address and submit the Quotation in special format within 2 days of this Publication Notice. It shall be the responsibility of the purchaser to pay all the tax arrears, Parking of the vehicle. He will also be responsible to Complete all the RTO formalities relating to ownership transfer his name. Bank will not be responsible for any dispute relating to the vehicle after its sale, bank has authority to cancel the auction at any stage without given any prior notice. The Vehicle will be sold to higher Bidder and the decision of bank shall be Final & Binding to all in this regards.

Place : New Delhi

Contact Person : Yogesh Saini, Mob.No: 8860862245


## कुमावत ने भी पुलिस स्टेशन पहुंचकर किया था सरेंडर

# संसद सुरक्षा चूक मामले में छठा आरोपी सात दिन के रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

संसद सुरक्षा चूक मामले में पुलिस द्वारा छठा आरोपी महेश कुमावत शनिवार को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने सात दिन का पुलिस रिमांड मंजूर किया है। अन्य आरोपियों के साथ बैठाकर अब इससे आमने सामने पूछताछ की जाएगी। महेश को भी ललित झा के बाद दूसरा मास्टमाइंड माना जा रहा है।

दिल्ली पुलिस का दावा है कि महेश कुमावत आरोपियों के मोबाइल फोन को नष्ट करने में शामिल था। देश में अराजकता फैलाने की यह सोची समझी साजिश थी। पुलिस की तरफ से 15 दिन के रिमांड का अनुरोध कोर्ट से किया था। लेकिन बाकी आरोपियों की तरह ही सात दिन का रिमांड पुलिस को मिला। महेश कुमावत ने भी सह-आरोपी ललित झा के साथ पुलिस स्टेशन पहुंचकर सरेंडर किया था। बाद में लोकल पुलिस ने दोनों को स्पेशल सेल को सौंपा था। बाद में पुलिस ने दोनों की गिरफ्तारी दिखाई।



### जले हुये मोबाइल के अवशेष बरामद

केस में स्पेशल सेल की पूछताछ लगातार चल रही है। पूरे केस के मास्टरमाइंड कहे जाने वाले ललित झा और महेश कुमावत की निशानदेही पर पुलिस ने जले हुये मोबाइलों के कुछ अवशेष बरामद किये हैं। पुलिस सूत्रों का कहना है कि उन्हें जांच के लिये एफएसएल भेजा गया है। पुलिस उसे डाटा रिकवर करने का प्रयास करेगी।

पुलिस की पूछताछ में नये नये खुलासे केस को लेकर किये जा रहे हैं। सागर शर्मा से पूछताछ में पता चला कि संसद के बाहर खुद को आग लगाना भी इनके प्लान का हिस्सा था। लेकिन उसे ज्वलनशील जैल नहीं मिल पाया था। इन्होंने ऑनलाइन जैल मंगवाने का भी प्रयास किया था। संसद की रेकी करने के दौरान इन्होंने पाया था कि वहां जूतों की जांच नहीं की जाती। इसलिये उन्होंने जूतों के अंदर खास जगह बनाकर उसमें स्मॉक शॉट ले जाने का प्लान बनाया था। पुलिस की एफआईआर में चार शॉट का जिक्र है। जिसमें से तीन का इस्तेमाल किया गया था। इसके अलावा पुलिस को यह भी पता चला कि पुलिस उन्हें ना पकड़ पाये इसलिये वे सेफ चैट्स कर रहे थे। इसके लिये सिग्नल एप का इस्तेमाल किया जाता था। आरोपी धीरे धीरे अपने ग्रुप में और युवाओं को भी जोड़ने का प्रयास कर रहे थे।

### बीजेपी सांसद के भी बयान होंगे दर्ज

उधर कर्नाटक के मैसूरु से भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा का भी दिल्ली पुलिस जल्द बयान दर्ज करेगी। दिल्ली पुलिस सूत्रों का कहना है कि सांसद से संपर्क किया गया है। उन्होंने अगले सप्ताह बयान देने की बात कही है। वह अगले सप्ताह दिल्ली स्थित अपने आवास पर लौटेंगे। इन्हीं के निजी सहायक द्वारा पास जारी करने पर सागर शर्मा व मनोरंजन संसद भवन के अंदर सदन तक पहुंचने में कामयाब हुए थे।

## खबर संक्षेप

### राज्य सैनिक बोर्ड से आए कर्मियों को हटाने की तैयारी कर रही है निगम महापौर : इक़बाल सिंह

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम में कार्यरत राज्य सैनिक बोर्ड के कर्मियों के प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष व पूर्व महापौर राजा इक़बाल सिंह से शनिवार को मुलाक़ात की। राजा इक़बाल सिंह ने बताया कि दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ शैली ओबरॉय अब राज्य सैनिक बोर्ड से आए कर्मियों को हटाने की तैयारी में है। उन्होंने बताया कि इन कर्मियों का कॉन्ट्रैक्ट 31 दिसंबर को ख़त्म होना है और इस बार इनका कॉन्ट्रैक्ट आगे नहीं बढ़ाया जाएगा इसकी सूचना इनको प्राप्त हुई है। नेता विपक्ष ने बताया कि राज्य सैनिक बोर्ड से आए कर्मचारी भारतीय सेना, नौसेना व वायुसेना से सेवानिवृत्त होकर आते हैं और फिर निगम राज्य सैनिक बोर्ड से संविदा आधार पर नियुक्ति करती है। उन्होंने बताया कि ये सभी कर्मचारी हमारे देश की आन बान और शान है और आम आदमी पार्टी द्वारा यदि इन्हें हटाया गया तो भाजपा इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेगी।

### यमुना में अमोनिया की मात्रा बढ़ने से जल शोधन हुआ प्रभावित

**नई दिल्ली।** यमुना नदी में अमोनिया की मात्रा बढ़ने के बाद दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति प्रभावित होने का अंदेशा बढ़ गया है। दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के एक अधिकारी का कहना है कि शनिवार को यमुना नदी में खतरनाक अमोनिया की मात्रा बढ़ने से जल शोधन प्रभावित हो गया है। जिसके बाद संभावित है कि दिल्ली के कई क्षेत्रों में जल संकट खड़ा हो जाए। अधिकारी का कहना है कि यमुना नदी में प्रदूषण तय मानकों से कहीं अधिक हो गया है। मात्रा 1.7 पीपीएम से अधिक है और यह डीडी-8 के माध्यम से यमुना नदी में वजीराबाद तालाब तक प्राप्त किया जा रहा है।

### 'निर्देश के बाद भी पिछले छह माह से नहीं हो रहा है कोई सुधार'

# 31 दिसंबर तक कराई जाए सड़कों पर सभी गड्ढों की मरम्मत : आतिशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार में लोक निर्माण विभाग मंत्री आतिशी ने सड़कों की दयनीय स्थिति को लेकर लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव को निर्देश जारी कर कहा है कि संबंधित सड़कों पर सभी गड्ढों की मरम्मत 31 दिसंबर 2023 तक कराई जाए और गड्ढों की मरम्मत की दैनिक रिपोर्ट मेरे कार्यालय को भेजनी होगी। लोक निर्माण विभाग उन सभी सड़कों की सूची बनाएं जिन्हें दोबारा सतह बनाने की आवश्यकता है। सभी टूटी सड़कों का नवीनीकरण एक फरवरी 2023 तक शुरू होना है और फरवरी के अंत तक पूरा होना है। मंत्री ने कहा है कि यह सुनिश्चित करना पीडब्ल्यूडी प्रमुख सचिव की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है कि इन समय-सीमाओं का कड़ाई से पालन किया जाए। एक भी दिन की देरी करने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।



- देरी करने वाले अधिकारियों के खिलाफ की जानी चाहिए सख्त कार्रवाई

**सड़कों की खस्ता हालत को देखते हुए गंभीर दुर्घटनाएं संभव**

मंत्री ने लोक निर्माण विभाग की सड़कों की कुछ तस्वीरें भी सचिव को भेजी है। इन सड़कों की हालत चौंकाने वाली है। इन सड़कों की खस्ता हालत को देखते हुए गंभीर दुर्घटनाएं संभव हैं। लोक निर्माण विभाग की ढिलाई और उदासीनता का खामियाजा दिल्ली के लोगों को भुगतना पड़ रहा है और यह स्वीकार्य नहीं है।

#### चलने लायक भी नहीं है कुछ सड़कें

मंत्री आतिशी ने शनिवार को कहा कि 60 फीट से अधिक चौड़ी सभी सड़कों का रखरखाव लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जाता है। हालांकि, शहर के कई हिस्सों में ये सड़कें खस्ता हालत में हैं। कई सड़कों पर गड्ढे हैं, कई सड़कों में बड़ी-बड़ी दरारें हैं जिनकी मरम्मत की जरूरत है और कुछ पूरी तरह से टूटी हुई हैं और चलने लायक नहीं हैं। मंत्री ने कहा कि पिछले 6 महीनों से मैं बार-बार पीडब्ल्यूडी को इन सड़कों का रखरखाव सुनिश्चित करने का निर्देश दे रही हूं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई है। यह इस तथ्य के बावजूद है कि मैंने इस मुद्दे पर कम से कम 10 बैठकें की हैं और पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के साथ कई स्थानों का निरीक्षण भी किया है।

### दिल्ली में विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री व भाजपा नेता

**नई दिल्ली।** देश भर में चल रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत दिल्ली के सिविक सेंटर, दक्षिणपुरी और संजय कैंप



चाणक्यपुरी में कार्यक्रम का आयोजन किया। सिविक सेंटर में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, स्मृति ईरानी, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा, दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा और उपाध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह, दक्षिणपुरी कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं सांसद रमेश बिधूड़ी और संजय कैंप चाणक्यपुरी में केंद्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा में भाग लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सम्बोधन सुनने के बाद विभिन्न कार्यक्रमों को सम्बोधित करते हुऐ केन्द्रीय मंत्रियों ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा निकालने का मुख्य उद्देश्य मोदी सरकार की प्रमुख योजनाओं में परिपूर्णता हासिल करना है और इसके तहत यह सुनिश्चित किया जाएगा कि इन योजनाओं का लाभ सभी लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचे। भाजपा नेताओं ने कहा कि भारत संकल्प यात्रा उन लोगों तक पहुंचने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन गई है जो अब तक सरकारी योजनाओं से नहीं जुड़ पाए हैं।

### अवैध कृषि भूमि कोलोनाइजेशन के खिलाफ नगर निगम ने की कार्रवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम ने जहांगीरपुरी में कृषि भूमि के अवैध कोलोनाइजेशन के खिलाफ अभियान आरम्भ किया। इसमें वार्ड नंबर 18, खसरा नंबर 444, जहांगीरपुरी में कृषि भूमि के अवैध कोलोनाइजेशन के खिलाफ महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। यह कार्रवाई भलस्वा डेरी पुलिस स्टेशन क्षेत्र में की गई है। दिल्ली नगर निगम प्रशासन ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली नगर निगम ने जेसीबी मशीनरी और निगम कर्मियों के साथ, निर्दिष्ट स्थान पर अवैध निर्माण को समाप्त करने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। यह क्षेत्र राम रहीम चौक के पास खसरा नंबर 444 में लगभग चार हजार वर्ग गज तक फैला है। यहां पर कुछ कोलोनाइजर/बिल्डर द्वारा चार दीवारी, कमरे और सीमेंट की सड़कें बनाकर भूमि की प्लॉटिंग की थी। निगम द्वारा की गई इस कार्रवाई के दौरान, पूरी कॉलोनी में सीमेंट की सड़कें, चार दीवारी, साथ ही अवैध रुप से निर्मित कमरों को गिरा दिया गया है। दिल्ली नगर निगम द्वारा की गई इस कार्यवाई में भलस्वा डेयरी पुलिस स्टेशन ने सक्रिय सहयोग देकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### बुक की गई सभी संपत्तियों को दिया जाए बिजली कनेक्शन : भाजपा

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा ने एमसीडी द्वारा अनधिकृत निर्माण के लिए बुक की गई उन सभी संपत्तियों को बिजली कनेक्शन देने की मांग की है जो खासकर नियमन सूची जैसे अनधिकृत कॉलोनियों में है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और विधानसभा में नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने शनिवार को एक संयुक्त प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए उक्त बातें कही। सचदेवा ने कहा है कि वास्तव में पावर डिस्कॉम के अधिकारी बुक की गई संपत्तियों पर बिजली कनेक्शन नहीं देना चाहते हैं क्योंकि इससे उनका प्रति माह करोड़ों रुपये का प्रोटेक्शन मनी घोटाला खत्म हो जाएगा। वहीं, दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली विशेष कानून 2006 के तहत 2026 तक पुन संरक्षित सभी संपत्तियों को अगले एक महीने के भीतर बिजली कनेक्शन दिया जाना चाहिए। दिल्ली भाजपा मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने प्रेस वार्ता का संचालन किया और कहा भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के नेतृत्व में हम अब सभी को बिजली कनेक्शन के लिए संघर्ष करेंगे। दोनों भाजपा नेताओं ने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड बुक की गई संपत्तियों को पानी का कनेक्शन दे रहा है, लेकिन पावर डिस्कॉम यह कहते हुए बिजली कनेक्शन देने से इनकार कर रही है कि एमसीडी पहले संपत्तियों के अवैध निर्माण को क्लियर करे, जो कई कानूनी कारणों से अभी संभव नहीं है।

### केजरीवाल अगले सप्ताह 10 दिवसीय विपश्यना सत्र में शामिल होंगे

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अगले सप्ताह 10 दिवसीय विपश्यना ध्यान कार्यक्रम में शामिल होंगे। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। केजरीवाल दिल्ली विधानसभा का शीतकालीन सत्र समाप्त होने के एक दिन बाद 19 दिसंबर को राष्ट्रीय राजधानी से रवाना होंगे हालांकि अभी यह ज्ञात नहीं है कि वह कहां जा रहे हैं। विपश्यना ध्यान की एक प्राचीन भारतीय पद्धति है जिसमें अभ्यासकर्ता अपने मानसिक कुशल क्षेम के लिए लंबे समय तक मौन रखते हैं। मुख्यमंत्री लंबे समय से विपश्यना का अभ्यास कर रहे हैं और पिछले कुछ वर्षों में बेंगलुरु और जयपुर सहित कई स्थानों पर जा चुके हैं। अधिकारियों ने कहा कि केजरीवाल हर साल 10 दिवसीय विपश्यना सत्र के लिए जाते हैं और इस साल वह 19 से 30 दिसंबर तक सत्र में शामिल होंगे।









खबर संक्षेप

### सीजेएम ने ओल्ड एज होम का किया निरीक्षण



**फरीदाबाद।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संदीप गर्ग के निर्देशानुसार सुकीर्ति गोयल सीजेएम ने ताऊ देवीलाल ओल्ड एज होम का दौरा कर औचक निरीक्षण किया। जहां निरीक्षण के दौरान आश्रम में कुल 65 बुजुर्ग मिले। जिनमें 23 महिलाएं 42 पुरुष बुजुर्ग थे।

### हाई सिक्योरिटी नं. प्लेट न होने पर चालान काटे

**फरीदाबाद।** ट्रैफिक पुलिस द्वारा विशेष अभियान के अन्तर्गत हाई सिक्यॉरिटी नंबर प्लेट न होने तथा



ड्रिंक एंड ड्राइविंग वाले 169 चालकों के चालान काटकर जुर्माना लगाए। हाई सिक्यॉरिटी नंबर प्लेट के 136 तथा ड्रिंक एंड ड्राइविंग के 33 चालान किए गए। डीसीपी ट्रैफिक ने बताया कि यातायात नियमों व सड़क सुरक्षा के बारे में ट्रैफिक पुलिस द्वारा लगातार लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

### नाबालिक को किया परिजनों के हवाले

**फरीदाबाद।** थाना शहर बल्लबगढ की पुलिस चौकी चावला कॉलोनी प्रभारी देवदत्त की



टीम ने लापता नाबालिग को बरामद कर परिजनों के हवाले किया है। नाबालिग 7वीं कक्षा में पढ़ती है। जो परिजनों के द्वारा स्कूल ना जाने पर डांट दिया था जिसके कारण लड़की घर से निकल गई थी। परिजनों ने पुलिस चौकी चावला कॉलोनी में सूचना दी।

### जमीन के फर्जी खरीदार विक्रेता बनकर ठगे

**गाजियाबाद।** जमीन की खरीद-फरोख्त में मुनाफे के लालच में आकर युवक ने आठ लाख रुपए




गवां दिए। बाद में जमीन मालिक, सौदा करने वाला दलाल और खरीदने वाला ग्राहक फर्जी निकले। आरोपियों का मोबाइल बंद आने पर पीड़ित ने डीसीपी सिटी से गुहार लगाई। सिहानी गेट पुलिस ने सीए समेत 4 पर धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। मुनाफा देने की बात कह दो लाख रुपए उधार लिए थे।

### रेस्तरां में सगे भाइयों को बाउंसरों ने धुना

**गुरुग्राम।** सुशांतलोक थाना एरिया के एक रेस्तरां में बाउंसरों द्वारा दो सगे भाईयों से मारपीट करने का



मामला सामने आया है। पीड़ितों ने गेट पर जमा कराई गई वाईन वापिस मांगी तो बाउंसरों ने बवाल खड़ा कर दिया। पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। सुशांत लोक थाना पुलिस मौके पर पहुंची और केस दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरु कर दी है।

### आवाज देकर युवकों ने महिला से चेन झपटी

**गुरुग्राम ।** सेक्टर-40 थाना एरिया में आवाज देकर बाइक सवार युवकों ने एक महिला से लॉकेट



सहित चेन झपट ली। महिला अपने बेटे को छोड़कर घर जा रही थी। महिला की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन कर दी है। शिकायत में मनुराधा ने कहा कि बाइक सवार युवकों ने हैलो मैम कहकर उन्हें आवाज दी। पलटकर देखा तो एक युवक ने उनके गले से सोने की चेन लॉकेट छीन लिया।

## पुलिस की टुकड़ी ने मातमी धुन के साथ राइफल झुका कर स्लामी दी

# जवान सुरक्षा में सीमा पर तैनात हैं, तभी हम सुरक्षित हैं

जिला सैनिक एवं अर्ध सैनिक कल्याण बोर्ड द्वारा विजय दिवस के सुअवसर पर विजय दिवस समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह फरीदाबाद के वार मेमोरियल कंपलेक्स सेक्टर-12 में मनाया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

शहीदों की चिताओ पर लगेंगे हर वर्ष मेले बस एक यही निशा बाकी रहेगा की बात को चरितार्थ करते जिला सैनिक एवं अर्ध सैनिक कल्याण बोर्ड द्वारा विजय दिवस के अवसर पर विजय दिवस समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह फरीदाबाद के वार मेमोरियल कंपलेक्स सेक्टर-12 में मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त विक्रम सिंह उपस्थित रहे। डीसी विक्रम सिंह ने उपस्थित सैनिकों और वीरांगनाओं तथा सैनिकों के सभी परिवारों को विजय दिवस की शुभकामनाएं और बधाई दी। उन्होंने वार मेमोरियल में शहीद स्मारक पर शहीदों को पुष्प चक्र अर्पित कर पुलिस की टुकड़ी द्वारा मातमी धुन के साथ राइफल झुका कर स्लामी देने उपरान्त दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### डीसी विक्रम सिंह ने वार मेमोरियल पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को विजय दिवस पर दी श्रद्धांजलि



डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि हमारे देश के जवान रात-दिन देश की सुरक्षा में सीमा पर खड़े हैं, इसी कारण हमारा देश सुरक्षित है और हम निश्चित होकर अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने वीर जवानों पर गर्व है जो राष्ट्र सेवा में अपना सर्वोच्च बलिदान देने के लिए भी तैयार रहते हैं।

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि फरीदाबाद जिला में वार मेमोरियल पूरे प्रदेश में भव्य और आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाया जाएगा। इसके नवीनीकरण कार्य की समीक्षा भी डीसी विक्रम सिंह ने बारिकी से की।

उपायुक्त ने बताया कि 16 दिसंबर 1971 को हमारे वीर सैनिकों ने पाकिस्तान की सेना को युद्ध में पराजित कर विजय प्राप्त की थी और बंगलादेश को पाकिस्तान से आजाद करवाया था, इसी कारण हर वर्ष 16 दिसंबर को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसलिए 16 दिसंबर 1971 का दिन स्वर्णिम इतिहास में दर्ज हो चुका है। उन्होंने समारोह में उपस्थित युद्ध वीरांगनाओं व वॉर वेटरन्स को सम्मानित भी किया। डीसी विक्रम सिंह ने शहीद स्मारक में प्रदर्शनी हॉल को भी देखा जिसमें हरियाणा के वीर शहीद सैनिकों की गाथा तथा अब तक हुए यादों के इतिहास को बताया गया है। जहां डीसी विक्रम सिंह ने वीरांगनाओं को सम्मानित भी किया।

## त्रिखा कालोनी में परिवार पहचान पत्र में त्रुटि दूर करने के लिए लगाया गया विशाल कैम्प

# भारत और बांग्लादेश के नागरिकों के दिलों में समान रूप से देशभक्ति की गहरी भावना

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने हरियाणा प्रोग्रेसिव स्कूल कांफ्रेंस और श्री राम एजुकेशनल सोसायटी द्वारा सेक्टर-12 में आयोजित भारत पाक विजय दिवस कार्यक्रम में शिरकत की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा की अध्यक्षता में त्रिखा कालोनी में परिवार पहचान पत्र में त्रुटि दूर करने के लिए विशाल कैंप लगाया गया। प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र की त्रिखा कॉलोनी स्थित सरकारी मिडिल स्कूल में परिवार पहचान पत्र से संबंधित समस्याओं को दूर करने के लिए लगाए गए विशाल कैंप का उद्घाटन किया। इस कैंप में संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहें। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि 17 दिसंबर को सुभाष कालोनी में यह कैंप लगाया जाएगा । उसके बाद सेक्टर-2 में कैंप का आयोजन किया जाएगा। ताकि लोगों को पीपीपी से संबंधित आने वाली दिक्कत न आए।

बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में रहने वालों को परिवार पहचान पत्र, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, आधार कार्ड, उज्जवल योजना जैसे कार्यों से संबंधित समस्याओं को दर्ज करवा कर उनका समाधान करवा सकते हैं। तत्पश्चात प्रदेश के कैबिनेट मंत्री ने हरियाणा प्रोग्रेसिव स्कूल कांफ्रेंस और श्री राम एजुकेशनल सोसायटी द्वारा सेक्टर-12 में आयोजित भारत पाक विजय दिवस कार्यक्रम में शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न स्कूलों से आए हजारों स्कूली बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल हरियाणा में साल 2025 तक नई शिक्षा नीति को लागू करने जा रहे हैं, जिसमें बच्चों को शिक्षा के साथ साथ रोजगार परक और आध्यात्मिक शिक्षा का ज्ञान दिया जाएगा।

**खास बातें**

- परिवार पहचान पत्र की खामियों को दूर करने 20 से 25 दिसंबर तक जिले में जगह-जगह शिविर
- जिले में 5 .90 लाख परिवार पहचान पत्र



### पांच शिविरों में 300 से अधिक परिवार पहचान पत्र की खामियां हुई दुरुस्त

पांच शिविरों में करीब 300 लोगों ने अपने परिवार पहचान पत्रों की खामियों को दुरुस्त कराया। हालांकि इनमें आय की खामियों को दूर नहीं किया गया। इसके लिए जांच के दिशा-निर्देश दिए हैं। संबंधित अधिकारी परिवार की आय की जांच करके पंद्रह दिन में इन खामियों को स्वयं ही दुरुस्त करेंगे।

परिवार पहचान पत्र की खामियों को दूर करने के लिए 20 से 25 दिसंबर तक जिले में जगह-जगह शिविर लगाने की तैयारी प्रशासन ने शुरू कर दी है। शनिवार को जिले में तीन शहरी इलाके में और दो ग्रामीण इलाके में शिविर लगाए गए, जबकि रविवार को सुभाष कॉलोनी में शिविर लगाया जाएगा। जहां लोग अपने परिवार पहचान पत्र की खामियों को दुरुस्त करवा सकेंगे।

जिले में अभी तक करीब 5.90 लाख परिवार पहचान पत्र बनाए गए हैं। जिन परिवारों ने या लोगों ने यह नहीं बनवाए हैं और हरियाणा के निवासी हैं तो कुछ दस्तावेज के साथ इसे बनवा सकते हैं। परिवार पहचान पत्र बनवाने के लिए आधार कार्ड,वोटर कार्ड, बैंक खाता पासबुक और जन्म प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेज की आवश्यकता है।

## आबकारी संशोधित अधिनियम के तहत

# मुख्यमंत्री उड़नदस्ता ने अवैध शराब के ठेके पर की छापेमारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि गांव अटेरना से मोहना को जाने वाले रोड पर जय माता दी ईंट भट्टा के पास एक अवैध शराब का ठेका खुला हुआ है यदि आबकारी विभाग के अधिकारियों को साथ लेकर रेड की जाए तो अवैध शराब ठेके का भंडाफोड़ हो रहा है। इससे राज्य सरकार को लाइसेंस के रूप में प्राप्त होने वाले राजस्व की हानि हो रही है।

सूचना के आधार पर डीएसपी मनीष सहगल के नेतृत्व में राजेन्द्र कुमार व सतबीर सिंह उप निरीक्षक व प्रभु दयाल द्वारा आबकारी निरीक्षक फरीदाबाद महावीर सिंह तथा स्थानीय पुलिस थाना छायंसा के साथ संयुक्त रूप से उक्त शराब के ठेका को चेक किया गया। चेकिंग पर इस शराब ठेका पर राजू उर्फ राजीव पुत्र गनेशी निवासी गांव जवां थाना छायंसा जिला फरीदाबाद बतौर सेल्समैन मौजूद मिला।

महावीर सिंह द्वारा सेल्समेन राजीव से इस स्थान पर ठेका चलाने बारे में लाइसेंस की मांग की गई। जिसने बताया कि उसके पास कोई लाइसेंस या अनुमति नहीं है। यह शराब ठेका अभिषेक राणा द्वारा चलवाया जा रहा है। मौका पर की गई पड़ताल पर यह शराब का ठेका अवैध रूप से चलता पाया गया।

महावीर सिंह द्वारा मौके पर मौजूद सेल्स से करीब एक हजार रुपए व शराब को कब्जा में लेते हुए आरोपी के खिलाफ हरियाणा आबकारी संशोधित अधिनियम के तहत स्थानीय पुलिस थाना छांयसा में मामला दर्ज करने की शिकायत दे दी है।

## डीएसपी की सूचना पर पुलिस पहुंची

# भोंडसी जेल में हत्यारोपी ने की खुदकुशी, बाथरुम में लगाया फंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

भोंडसी जेल में एक बंदी ने बाथरूम में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। कैदी ने गमछे का फंदा बनाया और ग्रिल के सहारे झूल गया। जेल के डीएसपी की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

दरअसल, यूपी के हाथरस निवासी कन्हैया जून 2022 से भोंडसी जेल में था। वह पालम विहार में एक हत्या के मामले में जेल में बंद था। कन्हैया ने शनिवार सुबह बाथरूम के गेट की ग्रिल से



गमछे के सहारे फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। अन्य कैदी जब बाथरूम के पास पहुंचे तो उन्हें घटना की जानकारी मिली। जिसके बाद जेल में हड़कंप मच गया।

जेल के डीएसपी की सूचना पर भोंडसी थाना पुलिस ने बंदी के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और कार्रवाई शुरु कर दी।

# महिला ने ज्वैलरी शोरूम से गायब किया ब्रेसलेट, सीसीटीवी से खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

शहर थाना क्षेत्र स्थित एक ज्वैलरी शोरूम से गायब हुए गोल्डन ब्रेसलेट को महिला द्वारा चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। अज्ञात महिला ने सेल्स गर्ल से कई तरह की ज्वैलरी देखी और बाद में ब्रेसलेट को चोरी कर ले गई। गायब ब्रेसलेट को ढूंढने के लिए सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद महिला द्वारा चोरी करने की बात उजागर हुई। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दरअसल, सदर बाजार के निकट अनिल अग्रवाल का एसएस ज्वैलर्स के नाम से शोरूम है। अनिल अग्रवाल का कहना है कि



वह सप्ताह एक बार ज्वैलरी की टैली करता है। गत 13 दिसंबर को उसने ज्वैलरी की टेली की तो उसे एक गोल्डन ब्रेसलेट गायब मिला। जब शोरूम की सीसीटीवी फुटेज चेक की तो गत 5 दिसंबर को इस ब्रेसलेट को चोरी करते एक महिला नजर आई। इस संबंध में शहर थाना पुलिस को शिकायत दे दी। पुलिस ने अज्ञात महिला के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जय श्रीराम के नारे लगाए, गाली-गलौज कर लोगों को आपत्तिजनक शब्द कहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सेक्टर-5 एरिया के शीतला कॉलोनी में कार सवार युवकों द्वारा एक धार्मिक स्थल के बाहर हुड़दंग मचाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि युवकों ने जय श्रीराम के नारे लगाए और गाली-गलौज करते हुए लोगों को आपत्तिजनक शब्द कहे। युवकों की हरकत सीसीटीवी में कैद हो गई। सूचना मिलने पर एसीपी सतेंद्र कुमार सहित सेक्टर-5 थाना पुलिस मौके पर पहुंची। एसीपी ने मामले की जांच के बाद सख्त कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया।

शीतला कॉलोनी के ई ब्लॉक में बनी मस्जिद के इमाम नफीस ने पुलिस को बताया कि मस्जिद के बाहर एक कार आकर रुकी। गाड़ी से नीचे तो कोई नहीं उतरा। लेकिन गाड़ी के शीशे नीचे कर युवकों ने पहले गाली गलौज की और बाद में जय श्री राम के नारे लगाते हुए विशेष समुदाय के लोगों के लिए आपत्तिजनक शब्द कहे। लोगों ने जब शोर सुना तो वह घर से बाहर निकले। जिसके बाद युवक अपनी गाड़ी लेकर मौके से भाग गए। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सूचना मिलने पर एसीपी सतेंद्र कुमार सहित सेक्टर-5 थाना पुलिस मौके पर पहुंची। एसीपी ने मामले की जांच के बाद सख्त कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया।

**नारेबाजी और गाली गलौज की पुष्टि नहीं हुई**

गाड़ी का नंबर आ गया है। गाड़ी रुकने की तो पुष्टि हो रही है, लेकिन नारेबाजी और गाली गलौज की अभी तक कोई पुष्टि नहीं हुई है। मामले में फिलहाल पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। नंबर के आधार पर गाड़ी की तलाश शुरू कर दी गई है। जल्द ही गाड़ी में मौजूद युवकों को काबू कर लिया जाएगा और जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

सतेंद्र कुमार, एसीपी

## अरिहंत ट्रस्ट ने शिक्षिकाओं का किया सम्मान

# लड़कियों को दें रोज़गारपरक शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



अरिहंत चेरिटेबल एजुकेशनल ट्रस्ट की संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अलका अग्रवाल ने भारत विकास परिषद वसुंधरा शाखा की मदद से एमबी गर्ल्स इंटर कॉलेज की 150 छात्राओं को जूते और प्रमाण पत्र बांटे। छह शिक्षिकाओं को उनकी उल्लेखनीय सेवाओं के लिए सम्मानित भी किया।

सम्मानित होने वाली शिक्षिकाओं के नाम प्राची यादव, नीलम, लक्ष्मी, रेनू सोनी, गरिमा और गीतांजलि है। गरिमा अरिहंत ट्रस्ट द्वारा कॉलेज में बने निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र में छात्राओं को सिलाई-कढ़ाई सिखाती हैं, जबकि गीतांजलि अरिहंत के निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र में छात्राओं को कंप्यूटर प्रशिक्षण देती हैं।

एमबी गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ. अंतिमा चौधरी, भारत विकास परिषद वसुंधरा शाखा से मीरा और उनकी टीम मौजूद थीं। डॉ. अलका अग्रवाल ने कहा कि लड़कियों को रोज़गारपरक प्रशिक्षण कोर्स सिखाए जाने चाहिए। ताकि वे स्वावलम्बी बने। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने कॉलेज की गरीब छात्राओं को स्वावलम्बी बनाने के लिए यहां सिलाई और कंप्यूटर प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना की हुई है। उन्हें तीन महीने से लेकर साल भर तक के शॉर्ट टर्म सर्टीफिकेट कोर्स कराये जाते हैं।

ऐसा गाजियाबाद में पहली बार हुआ कि किसी ट्रस्ट ने सरकार से बिना आर्थिक सहायता लिये सरकारी विद्यालय में निःशुल्क प्रशिक्षण केन्द्र खोला। एमबी गर्ल्स इंटर कॉलेज की एक इमारत में दो कमरे लेकर और उन्हें सुसज्जित कर प्रशिक्षण कार्य शुरू किया। इसमें 30 कंप्यूटर लगे हैं और 30 ही सिलाई मशीनें लगी हुई हैं।

डॉ. अलका अग्रवाल ने बताया कि बच्चियों को सर्टीफिकेट कोर्स कराए जा रहे हैं। ट्रस्ट की योजना अन्य सरकारी स्कूलों में खासतौर से बच्चियों को व्यवसायिक तौर पर प्रशिक्षित करने और उन्हें स्वावलम्बी बनाने की है।

## जेल में मिले 7 एड्स पीड़ित, 1 महिला भी शामिल

# स्वास्थ विभाग की स्क्रीनिंग में हेपेटाइटिस-सी के 49 व हेपेटाइटिस-बी के 18 रोगी मिले

**सात दिन में 4050 बंदियों की हुई स्क्रीनिंग, एक बंदी एसटीडी पीड़ित भी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद की डसना जेल मे सात कैदियों को एचआईवी पॉजिटिव एड्स के लक्षण मिले हैं। इसके बाद हड़कम्प मचा हुआ है। उत्तर प्रदेश एड्स नियंत्रण सोसाइटी के निर्देश पर डासना जेल में स्वास्थ्य विभाग में स्क्रीनिंग कराई थी। इसमें हेपेटाइटिस के 49 और हेपेटाइटिस बी के 18 रोग भी मिले हैं। सभी का उपचार शुरू कर दिया गया है।

सीएमओ डॉ. भवतोष शंखधर ने बताया कि उत्तर प्रदेश एड्स नियंत्रण सोसायटी के निर्देश पर 8 से 14 दिसंबर तक स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिला कारागार, डासना में




स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया गया। सात दिवसीय स्क्रीनिंग कैंप के दौरान कुल 4308 जेल बंदियों में से 4050 की स्क्रीनिंग हुई। स्क्रीनिंग के दौरान जिला कारागार में एसटीडी (सेक्सुअली ट्रांसमिटेड डिजीज), एचआईवी (ह्युमन इम्यूनो डिफिशिएंसी वायरस), टीबी (क्षय रोग) तथा हेपेटाइटिस की जांच की गई। जांच के दौरान सात जेल बंदी एचआईवी (एड्स) पॉजिटिव मिले। इनमें एक महिला बंदी भी शामिल है। सबसे अधिक हेपेटाइटिस-सी के 49 और हेपेटाइटिस -सी के 18 रोगी मिले। एक जेल बंदी एसटीडी पीड़ित भी मिला।

### कारागार में बंदियों को जांच के साथ उपचार भी दिया गया

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अमित विक्रम ने बताया कि जिला कारागार में लगाए गए सात दिवसीय जांच शिविर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से काउंसलर बिहारी ठाकुर, राहुल वर्मा, रेणु यादव और सुमन चौधरी के अलावा लैब टेक्नीशियन जयकेश यादव, नवाब, ललित चौधरी और अवनीश की डयूटी लगाई गई थी। इस दौरान जेल बंदियों की स्क्रीनिंग और जांच के साथ ही जरूरत के हिसाब से काउंसलिंग और उपचार भी प्रदान किया गया। इस दौरान एचआईवी, टीबी, हेपेटाइटिस और एसटीडी से बचाव के बारे में जेल बंदियों को जागरूक किया गया। उन्हें बताया गया - एचआईवी रोगी को छूने, साथ उठने -बैठने और खाने - पीने से यह रोग नहीं फैलता। इस रोग का संचार शरीर से निकलने वाले दृव्य या रक्त के संपर्क में आने से, असुरक्षित यौन संबंधों से, संक्रमित द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली सुई (निडिल) या ब्लेड आदि से हो सकता है।

